**उत्तर प्रदेश की विद्युत परियोजनाओं की स्वीकृति**

1714. **श्री राम नरेश यादव :** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश की उन विद्युत परियोजनाओं के नाम क्या हैं जो केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति के लिए इसके समक्ष लंबित पड़ी हैं; और

(ख) अप्रैल, 1992 से अब तक कितनी परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई है और उनका ब्यौरा क्या है ?

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) :** (क) उत्तर प्रदेश की निम्नलिखित विद्युत परियोजनाएं विद्युत मंत्रालय में अनुमोदन /स्वीकृति के लिए लंबित पड़ी हैं :—

| | |
|---|---|
| 1. कोटेश्वर बाँध (400 मेगावाट) | (जल विद्युत) |
| 2. बेलथारा रोड (630 मेगावाट) | (ताप विद्युत) |
| 3. ग्रनपारा "ग" (2 × 500 मेगावाट) | (ताप विद्युत) |
| 4. टौनी पलासू (42 मेगावाट) | (जल विद्युत) |
| 5. टिहरी बाँध (1000 मेगावाट) | (जल विद्युत) |
| 6. गौरी गंगा चरण 3क और 3–ख (140 मे० वा०) | (जल विद्युत) |
| 7. रिहन्द–2 (2 × 500 मे० वा०) | (ताप विद्युत) |
| 8. ऊंचाहार चरण–2 (2 × 210 मेगावाट) | (ताप विद्युत) |

(ख) अप्रैल, 1992 से किसी भी विद्युत परियोजना के लिए निवेश संबंधी स्वीकृति/तकनीकी आर्थिक दृष्टि से अनुमोदन प्रदान नहीं किया गया है ।

**Installation of Power Projects, State-wise**

1715. SHRI GHUFRAN AZAM : Will the Minister of POWER be pleased to state :

(a) what are the details of power projects identified, State-wise, either in the Private Sector or in public sector, to be installed with or without foreign r.id during the next five years;

(to) whether it is a fact that in sipte of clearance of various power projects by the CEA, many of the States could not execute the projects;

(c) whether Government have identified further such projects; and

(d) if so, the details thereof 7

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) : (a) Details of Power Projects identified, State-wise in the Public Sector and Private Sector, in the 8th Five Year Plan document are given in Annexure. *[See* Appendix CLXVI, Annexure No. 33]

(b) Yes, Sir.

(c) and (d) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

**केन्द्रीय विद्युत पूल से हरियाणा को बिजली की आपूर्ति ।**

1716 **श्री रामजी लाल :** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान वर्षवार हरियाणा राज्य को केन्द्रीय विद्युत पूल से कितने मैगावाट बिजली की आपूर्ति की गई तथा 28 फरवरी, 1993 तक कितने मैगावाट बिजली की आपूर्ति की गई;

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान हरियाणा राज्य के बिजली के हिस्से में कमी आई है;